हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 39 .4 डिग्री

न्यूनतम 29 .0 डिग्री

11 परमिट पॉलिसी वापस लेने की मांग



12 भू-मालिकों को वितरित किए गए स्वामित्व पत्र



# 200 बेड का होगा नागरिक अस्पताल, वार्ड में मिलेगी किचन की सुविधा

## सरकार से मिली मंजूरी, डॉक्टरों सहित पैरामेडिकल स्टाफ की होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ पेच परसराम माल गोदाम रोड पर शुरू हुई पीएचसी सुविधा, पूर्व मंत्री ग्रोवर और पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने किया शुभारंभ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि रोहतक नागरिक अस्पताल 200 बेड की क्षमता का बनेगा। सरकार से हरी झंडी मिल गई है। आने वाले दिनों में यहां डॉक्टर समेत पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की भर्ती होगी। पूर्व मंत्री ग्रोवर बृहस्पतिवार को माल गोदाम रोड पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू की गई पीएचसी के उद्घाटन मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। पीएचसी की सुविधा शुरू होने से इस इलाके के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उद्घाटन मौके पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल सहित पार्टी के पदाधिकारी व वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।



रोहतक। पीएचसी के उद्घाटन अवसर पर मौजूद पूर्व सहकारिता मंत्री व पूर्व मेयर।

### शिशुओं के लिए सघन वार्ड का विस्तार होगा

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि रोहतक की जनता ने जब उन्हें 2014 में विधायक बनाया तो सिविल अस्पताल रोहतक में ब्लड बैंक, नवजात शिशुओं के लिए सघन वार्ड, वार्ड में किचन सुविधा, टेस्टिंग लैब का विस्तार करने और डॉक्टर की संख्या बढ़ाने जैसे अनेक जनहित के काम करवाने का मौका मिला था। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इसकी बेड़ों की संख्या बढ़ाने की प्रपोजल लंबे समय से चल रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से विस्तृत जांच पड़ताल के बाद इसकी क्षमता 200 बेड की करने का फैसला लिया गया है। उम्मीद है, रोहतक जिले के लोगों को पूरा लाभ मिलेगा।

### पीएचसी की सुविधा शुरू होने से लोग खुश

पूर्व सहकारिता मंत्री ने पेच परसराम में पीएचसी की सुविधा शुरू होने पर लोगों को बधाई दी और कहा कि यह बहुत पुरानी मांग थी, जिसे चंडीगढ़ से मंजूरी दिलवाने का काम किया गया है। भविष्य में भी रोहतक के लोगों के लिए काम करते रहेंगे। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस स्वास्थ्य पर है। आयुष्मान योजना से लेकर अनेक ऐसी योजनाएं शुरू की गई है, जिससे गरीब व्यक्ति बेहतर इलाज की सुविधा का लाभ ले सके। इस मौके पर रोहतक सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल बिरला, मातुराम कोसली, मुकेश आर्य महमिया, मुकेश गोयल डीघल, विनय गोयल, पंकज भालोठिया, डॉक्टर आरके चौधरी, राकेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुनील आर्य, पवन आर्य, ईश्वर सिंगल समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शहर में आज

- ⏭ लघु सचिवालय परिसर में डीसी अजय कुमार समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं
- ⏭ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल, हरियाणा द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दे पर सागर विला होटल में सुबह 11. 30 बजे पत्रकार वार्ता की जाएगी। इसमें काउंसिल के चेयरमैन विनोद खनगवाल और पदाधिकारी संबोधित करेंगे
- ⏭ अम्बेड़कर चौक पर रक्तदान शिविर
- ⏭ नगर निगम की टीम प्रोप्टर्ी सर्वे के लिए जाएगी डोर टू डोर

## बिजली कट

- ⏭ सुबह 7 से 10 बजे तक : महावीर कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, गोहाना रोड, गुरु नानकपुरा, मनदीप स्कूल के आसपास एरिया, दयानंद मठ के आसपास का एरिया, सिविल अस्पताल के आसपास के एरिया, सैनीपुरा
- ⏭ सुबह 10 से 12:30 बजे तक : मेडिकल मोड़, आदर्श नगर, दरियाव नगर, महिला आश्रम रोड, रामलीला मैदान
- ⏭ सुबह 7 से 10 बजे तक छोटू राम नगर, सुखपुरा चौक, हनुमान कॉलोनी, राजेंद्र नगर, सूर्य नगर, परवेश नगर, बैंक कॉलोनी, सुखपुरा चौक, तेज कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, पहाडा मोहल्ला, सालारा मोहल्ला, वाल्मीकि चौक, फतेहपुरी कॉलोनी, खोखरा कोट में सप्लाई बाधित रहेगी

# डसने लगा डेंगू का डंक, शहर में एक मरीज कंफर्म, घरों में मिल रहा लार्वा

■ 638 लोगों के ब्लड सैंपल की जांच की गई ■ मलेरिया का कोई मरीज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में डेंगू ने दस्तक दे दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच किए गए 638 लोगों के ब्लड सैंपल में एक मरीज कन्फर्म हुआ है। जिसका उपचार शुरू कर दिया गया है। मरीज महम एरिया में मिला है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। घर-घर लार्वा जांच के लिए टीमें भेजी जा रही हैं।

विभाग द्वारा लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। लोगों के ब्लड सैंपल रोजाना लिए जा रहे हैं। साथ ही जिन स्थानों पर लार्वा मिल रहा है उन्हें नोटिस दिए गए हैं। हालांकि अभी तक मलेरिया का कोई मरीज नहीं मिला है।





रोहतक। शहर में घर-घर जाकर लार्वा की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### 69 लोगों को स्वास्थ्य विभाग का नोटिस

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. कपिल गुप्ता की टीम अगुवाई में जनता कॉलोनी पहुंची। जनता कॉलोनी में पहुंचने के दौरान उन्होंने टीम द्वारा किए गए कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान 17 मकानों में लार्वा पाया गया। जिन्हें नोटिस जारी करके समझाया गया है कि वह अपने आसपास मकान के आसपास पानी खड़ा न होने दे। कुलरों की सफाई समय-समय पर करवाते रहे। पक्षियों के लिए रखे बर्तन, टूटे हुए बर्तन या ऐसा सामान जिसमें बरसात के समय में पानी खड़ा हो सकता है उसको समय-समय पर खाली करते रहें। वहीं रोहतक में 69 घरों में नोटिस जारी कर सभी को दिशा निर्देश जारी किए गए कि अगर 72 घंटे के बाद दोबारा से लार्वा पाया जाता है तो निगम को लिखकर चालान करवा दिया जाएगा। वहीं अभी तक रोहतक जिले में इस वर्ष 1861 घरों को नोटिस जारी किया जा चुके हैं। वहीं 2023 में 6509 लोगों को नोटिस दिए गए थे। टीम में नोडल ऑफिसर डॉ. कपिल गुप्ता, जोनल एंटोमोलॉजिस्ट सुमित, सुपरवाइजर राजेश नरवाल, अनिल सांगवान, स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुकेश नैनकवाल, विनयपाल मलिक व सोनिया आदि उपस्थित रहे।

### बुखार होने पर तुरंत जांच करवाएं



डेंगू को लेकर जागरूता फैलाई जा रही है। टीम घर-घर जाकर लार्वा जांच कर रही हैं। जिनके घर में लार्वा मिलता हैं उन्हें नोटिस दिए जा रहे हैं। किसी को बुखार और डेंगू के लक्षण दिखते हैं तो वह तुरंत जांच करवाएं। घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। घरों में गमले, खाली टायर और कूलर को साफ करते रहें।

**अनिल बिरला**, सिविल सर्जन, रोहतक

### कब कितने मरीज मिले

| | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| मलेरिया | 3 | 0 |
| डेंगू | 304 | 1 |

### डेंगू बुखार के लक्षण

- ■ सूजी हुई लिम्फ ग्रंथियां
- ■ जी मिचलाना ■ उल्टी करना
- ■ खुजली ■ अचानक तेज बुखार
- ■ तेज सिरदर्द
- ■ जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द
- ■ आंखों के पीछे दर्द
- ■ कई अन्य लक्षण भी दिखाई देते है

**ऐसे करें बचाव** : मच्छरदानी का उपयोग करें, घर में या आसपास पानी जमा न होने दें, पेड़ पौधों के पास जाएं या घर के बाहर निकलें तो शरीर को ढक कर जूते मोजे पहन कर निकलें, पानी की टंकी को ढक कर रखें, कीटनाशक और लार्वानाशक दवाइयों का छिड़काव करें, घर के आसपास सफाई रखें।

## प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



सुनारिया रोड के पास रुपया चौक पर पुलिस ने दो युवकों को 11 नशीली प्रतिबंधित दवाइयों के साथ काबू किया है। सीनियर उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक एक गाड़ी डी बिना नंबर प्लेट में प्रतिबंधित दवाइयां दिल्ली से लाकर दिल्ली बाईपास रोहतक से होते हुए बेचने के लिए रुपया चौक की तरफ जाएंगे। फिर यहीं भी नाकाबंदी की गई। दो युवक बिना नंबर की एक गाड़ी आते हुए दिखाई। जिसके बाद उन्हें रोका तो गाड़ी की तलाशी ली गई। जिसमें 11 नशीली प्रतिबंधित शीशी बरामद की गई। इस दौरान आरोपित आर्यन निवासी गांव बलियाणा जिला रोहतक व मोहित भापडौदा झज्जर को काबू किया। इनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दाखिले के लिए 20 तक आवेदन करें



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय सत्र 2024-2025 में प्रवेश के लिए कई पीजी पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन तिथि 20 जुलाई तक बढा दी है। मदवि कुलसचिव प्रो गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एम एड, एम ए (संस्कृत), एमएससी (स्टैटिसटिक्स), एमटीटीएम, एमएचएमसीटी तथा एम टैक पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की तिथि बढाई गई है। पाठ्यक्रमों संबंधित विवरण एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## बलियाना में कब्जे हटाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने नगर निगम की सीमा में स्थित बलियाना गांव में सड़क संख्या 357 से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

## खबर संक्षेप

### पीजी के लिए प्रवेश परीक्षाएं 14 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध ई- प्रास्पेक्टस में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### बीपीएच में एडमिशन के लिए 25 तक करें अप्लाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में चार वर्षीय बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंसेज (बीपीएच) पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।मदवि कुलसचिव प्रो गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि 15 जुलाई को पूर्व निर्धारित बीपीएच प्रवेश काउंसलिंग इसके दृष्टिगत स्थगित कर दी गई है। ऐसा एनईईटी परीक्षा के परिणाम लंबित होने की वजह से किया गया है। कुलसचिव प्रो. तनेजा ने बताया कि बीपीएच की संशोधित प्रवेश काउंसलिंग सारिणी बाद में जारी की जाएगी।

## राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आज होगा आगाज

**रोहतक।** हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, पठानिया वर्ल्ड कैंपस, जेड ग्लोबल स्कूल ओमेक्स सिटी और हरियाणा के कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय नाटक उत्सव का आगाज ओमेक्स सिटी के जेड ग्लोबल स्कूल में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि विख्यात समाजसेवी हिमांशु ग्रोवर होंगे। पठानिया वर्ल्ड कैंपस के प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी हरियाणा इंस्टीट्यूट आफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के अध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा ने दी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय नाटक उत्सव में एक नाटक शिमला से, एक नाटक हरियाणा से, और दो नाटक दिल्ली से पेश किए जाएंगे। इसके अलावा दर्शकों की विशेष मांग पर एक नाटक विशेष रूप से बोनस के रूप में मंचित करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को शिमला के संकल्प थिएटर द्वारा एकल नाटक पॉपकॉर्न का मंचन किया जाएगा।



## वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड

**रोहतक।** होडल जिला बार एसोसिएशन के प्रधान पर हमले के विरोध व आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर बृहस्पतिवार को जिला बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखा। एसोसिएशन के प्रधान अरविंद कुमार श्योराण व अन्य अधिवक्ताओं ने आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने व एसोसिएशन प्रधान की सुरक्षा की मांग की।

# समाधान शिविर में मिली 68 शिकायतें अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ सुबह नौ से ग्यारह बजे तक लगा शिविर

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार एवं उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। वीरवार को समाधान शिविर में 68 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को निपटारे के लिए सौंप दिया गया।

महेश कुमार ने अधिकारियों के साथ स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जन शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में हर कार्य दिवस सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। समाधान शिविरों में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू करते है तथा यथाशीघ्र इन शिकायतों का निपटारा कर दिया जाता है। सरकार द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों के निपटारे की निगरानी भी की जा रही है।समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी।

# ज्वेलर्स के नौकर ने ही रची थी लूट की साजिश, साथियों सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- ■ ज्वेलर्स ने अपने नौकर को 2 लाख 75 हजार रुपये का चेक कैश करवाने के लिए स्कूटी पर बैंक भेजा था
- ■ बैंक से वापस आते समय विजयनगर के पास युवक नकदी सहित स्कूटी लेकर हो गए थे फरार

पुलिस ने विजय नगर में ज्वेलर्स के नौकर के साथ हुई स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए वारदात में आरोपी नौकर समेत चार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### ये था मामला

आर्य नगर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि रेलवे रोड निवासी तरुण ज्वेलर्स की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की थी। तरुण की दुकान पर कपिल निवासी शीतल नगर नौकर का काम करता है। 8 जुलाई को तरुण के पिता ने कपिल को 2 लाख 75 हजार रुपये का चेक ड्रा कर रुपये निकलवाने के लिए स्कूटी देकर बैंक में भेजा। कपिल के पास तरुण के पिता ने फोन किया तो कपिल ने बताया कि विजय नगर में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने स्कूटी में टक्कर मारी व उसके साथ मारपीट की। युवकों ने कपिल से स्कूटी छीन ली।




### स्कूटी के डिग्गी में थे पैसे व कागजात

दो युवक मोटरसाइकिल पर व एक युवक स्कूटी पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। स्कूटी की डिग्गी में 2 लाख 75 हजार रुपये व स्कूटी के कागजात थे। एसपी हिमांशु गर्ग के दिशानिर्देशो अनुसार मामले की जांच थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह व प्रभारी एवीटी स्टाफ सतीश द्वारा अमल में लाई गई।

जांच के दौरान 9 जुलाई को पुलिस ने छापेमारी करते हुए आरोपी कपिल निवासी शीतल नगर को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर स्नैचिंग की वारदात रची थी। 10 जुलाई को आरोपी प्रिंस निवासी एकता कॉलोनी, साहिल व नीतिन निवासी शीतल नगर को गिरफ्तार किया गया है।

**खबरों के लिए हरिभूमि टीम**

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं।*

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे

**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *



## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद



**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

**-प्रियांश, रोहतक**

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

**-काव्या, रायपुर**

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

**-साकेत, दुर्ग**

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी


## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर : D

## खबर संक्षेप




### नगर पालिका कर्मचारी संघ का प्रदर्शन आज

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा लम्बित मांगों को लेकर शुक्रवार को काले झंडों व उल्टी झाड़ू के साथ प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। यह ऐलान नगर निगम कार्यालय में नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उप महासचिव सुनील कुमार चिंडालिया ने किया। उनके साथ राज्य संगठन कर्ता राजपाल, रोहतक प्रधान संजय बिड़लान, सचिव श्रवण बहोत, जिला प्रधान अनिल कांगड़ा, संजय, कैशियर विक्की बिड़लान आदि मौजूद रहे।



### विनोद जैन बने रोटरी क्लब ऑफ सफायर के प्रधान

**रोहतक।** रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर द्वारा दिल्ली रोड पर निजि होटल में क्लब की बैठक आयोजित की। क्लब के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि विनोद जैन को अध्यक्ष चुना गया। सीए सुनील जैन को सचिव, कुलदीप गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने रोटरी क्लब सफायर झंडे का विमोचन किया। पूर्व प्रधान राजीव बेरीवाल ने नये प्रधान विनोद, सचिव संजय पारिख ने सीए सुनील जैन, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता को रोटरी पिन पहनाकर नये साल का कार्यभार सौंपा। राजेश जैन ने कहा कि यह क्लब नई ऊंचाईयों को छुएगा। प्रधान विनोद जैन ने कहा कि क्लब द्वारा जरूरतमंदों की सहायता की जायेगी।

### डाकघर के पास से युवक की बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित डाकघर के पास से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। जिसकी शिकायत युवक ने आर्य नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राममुरर्ती ने बताया कि वह गांव सांघी का रहन वाला हूं। मैं 11 जुलाई को अपनी बाइक से पोस्ट आफिस रोहतक गया था। जब मैं वापिस आकर देखा तो मेरी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सैनी गर्ल्स स्कूल के पास से बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** चुन्नीपुरा स्थित नियर सैनी गर्ल्स स्कूल के पास से देर रात एक घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने बाइक चोरी की शिकायत सिविल लाइन थाना को पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चुन्नीपुरा का रहने वाला हूं। मैं मदवि में कार्यरत हूं। मैंने अपनी मोटरसाइकिल 10 जुलाई की रात को घर के बाहर खड़ी की थी। 11 जुलाई की सुबह देखी तो वहां पर बाइक नहीं मिली।

### लंबे इंतजार के बाद विद्यार्थियों को मिली सुविधा

# खरावड़ में राजकीय कन्या स्कूल का भवन तैयार

भवन में जल्द ही कक्षाएं लगनी शुरू हो जाएंगी, इससे आस-पास के छात्रों को मिलेगी शिक्षा की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

लंबे इंतजार के बाद खरावड़ गांव की छात्रों को अब नया भवन मिल गया है। जल्द ही इसमें कक्षाएं लगनी शुरू हो जाएंगी। गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी ग्राम पंचायत व गांव के मौजूद लोगों ने हवन यज्ञ के साथ स्कूल का उद्घाटन किया। इस स्कूल के निर्माण पर करीब 4 करोड रुपए की लागत आई है। जानकारी के अनुसार, 2018 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की बिल्डिंग कंडम होने के कारण खाली कर दी गई थी। छात्राओं को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया और वही यह स्कूल दो शिफ्ट में लगाया जा रहा है। पंचायत ने सरकार से अपील लगाकर नए भवन के निर्माण की मंजूरी ले ली। सरकार ने भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 80 लाख रुपए मंजूर किए गए। पैसा मंजूर होने के बाद भी यह राशि दो विभागों के बीच में उलझी रही। फाइलों का इधर-उधर आदान-प्रदान होता रहा। जिला शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र से भी पंचायत मिली उन्होंने इस मामले को समझा और प्रशासन के आला अधिकारियों से मिलकर निर्माण शुरू कराया गया। भवन को पूरा होने में 2 वर्ष लग गए।

#### पंचायत ने दिए 14 लाख

प्रधान दीपक मलिक ने बताया कि स्कूल के सुधार पर गांव की तरफ से करीब साढे 14 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। गुरुवार को हवन यज्ञ और पौधा रोपण कर स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक मौलिक शिक्षा अधिकारी दलजीत सिंह, रेनू खत्री खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा प्राचार्य निशा मालिक, कैप्टन जगबीर मलिक ,राजवीर स्कूल स्टाफ सहित अन्य ग्रामीण भी सामिल हुए। सरपंच सरोज देवी ने इस अवसर पर शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया और भोजन ग्रहण कराया। प्रधान दीपक मलिक ने कहा कि शिक्षा विभाग से मिलकर स्कूल में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय बहुअकबरपुर में विद्यार्थियों के सामाजिक विकास की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रहा। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने कविता, भाषण, स्लोगन राइटिंग, पेंटिंग आदि के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। कार्यशाला की प्रभारी आचार्या रेनू ने बताया कि छात्रा आशिका द्वारा जब-जब जन्म लेती है बेटी तथा छात्रा इच्छा द्वारा एक बेटी की पुकार ओ मां ओ मां कविता प्रस्तुत की गई।

### बढ़ रही जनसंख्या चिंता का विषय: नंदकिशोर

**रोहतक।** लाढौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस मनाया गया। विज्ञान अध्यापक विवेक मिश्रा ने बताया कि लगातार बढ़ रही जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। विद्यालय प्राचार्य संजय कौशिक ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या नियंत्रण के लिए सामूहिक कदम उठाने की आवश्यकता है। इस मौके पर विद्यालय में चित्रकारी एवं नारा-लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर, अधिष्ठाता नंदलाल, प्राचार्य संजय कौशिक सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।




## एनसीसी बटालियन सीएटीसी शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा पंडित नेकी राम कॉलेज में कमान अधिकारी कर्नल केएस बधवार सेना मेडल व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ के नेतृत्व में चल रहे प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। वीरवार को हुई ड्रिल प्रतियोगिता में सीनियर डिवीजन बॉयज कैडेट विनय जाट कॉलेज, गर्ल्स कैडेट अनुराग पंडित नेकीराम कॉलेज, जूनियर डिवीजन बॉयज कैडेट राहुल वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल और जेडब्ल्यू कैडेट दीपिका वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं फायरिंग प्रतियोगिता बेस्ट फायर सीनियर डिवीजन जगीर राठी एमडीयू, बेस्ट इन कैंप ट्रॉफी जाट कॉलेज से कविश, राजकीय पहरावर स्कूल रितेश, पंडित नेकीराम कॉलेज पलक, राघव, वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैडेट भूमिका, खो-खो प्रतियोगिता जेडब्ल्यू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना स्कूल प्रथम, जेडी खो-खो राजकीय दुजाना स्कूल प्रथम, रस्साकशी प्रतियोगिता में एसडब्ल्यू एनआरएस कॉलेज प्रथम, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एसडी जाट कॉलेज प्रथम रहे। विजेता एनसीसी कैडेट्स को कर्नल मनबीर सिंह धनखड़, सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। कहा कि एनसीसी के माध्यम से जब भी देश को, समाज को आपकी आवश्यकता पड़े तो बढ़-चढ़कर अपना योगदान देते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

## सीईटी पास ने सीएम से मिलने का समय मांगा

- सीईटी पास बेरोजगारों को मिलने का समय दें सीएम : जयहिंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवीन जयहिंद व सीईटी पास अभियार्थी।

सीईटी पास अभियार्थियों ने बृहस्पतिवार को नवीन जयहिंद से मुलाकात की। उन्होंने जयहिंद के सामने मांग रखी कि मौजूदा सीईटी को क्वालीफाई नेचर का किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पेपर देने का मौक मिले। वर्तमान पॉलिसी के अनुसार सिर्फ 12 हजार बच्चे ही सभी पोस्ट के लिए एलिजिबल होंगे और पोस्टें भी खाली रह जाएंगी। इस आधार पर तो पेपर लेने का कोई औचित्य नहीं रहता है। जयहिंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हमे मिलने का मौका दे ताकि हम उन्हे इस समस्या के बारे में अच्छे से समझा सके। अभियार्थियों ने जयहिंद को तीन तरीके बताए जिनसे सभी सीईटी अभियार्थियों का व जो अन्य बच्चे हैं उन्हे भी पेपर देने मौका मिल सके। या तो सीईटी को क्वालीफाई नेचर किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे पेपर में बैठ सकें या फिर जिस तरह से एसएससी की भर्तियां होती हैं उस तरह यह भर्तियां की जाए।

## बाल सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन

- डीएवी पब्लिक स्कूल में किशोरावस्था के बच्चों बताएं सुरक्षा के कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



कलानौर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में किशोरावस्था के बच्चों एवं उनके शिक्षकों के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना के अंतर्गत हार्मोनल बदलाव व भावनात्मक विकास की समझ के रास्ते बाल सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि किशोरावस्था बचपन और युवावस्था के बीच शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक परिवर्तनों तथा सांस्कृतिक विशेषताओं के विकास की अवधि है। इस दौरान हार्मोनल बदलाव स्वाभाविक है।उन्होंने बताया कि हार्मोन्स की वजह से किशोरावस्था के दौरान मूड, भावनाएं व आवेग शरीर को प्रभावित करते हैं। उज्ज्वल भविष्य के मद्देनज़र किसी तरह का नकारात्मक प्रभाव न बढ़ने पाए इसके लिए आपको शरीर, दिमाग़ और व्यवहार पर हार्मोन्स के प्रभाव को समझना है। भावनाओं के बहाव में साथियों का दबाव, कम आत्मसम्मान, उग्र हार्मोन्स आपको विभिन्न तरह के जोखिम लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। माता-पिता व शिक्षकों के अनुभव से जीवन की सीख हासिल करते रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रिंसिपल डॉ विजय पाल ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए हार्मोनल परिवर्तन के दौर में मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण की यह परियोजना सराहनीय है।

## चोरी की तीन वारदातों में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने चोरी की अलग-2 तीन वारदातों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि कलानौर निवासी पुनीत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि पुनीत ने अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया हुआ था। अज्ञात युवक पुनीत की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 10 जुलाई को पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी प्रवीण व बजरंग निवासी बौंदकला, दादरी को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी बजरंग का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी, लूट आदि के 6 मामले दर्ज है। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।पीजीआईएमएस थाना प्रभारी रोशन लाल ने बताया कि मोखरा निवासी रवि की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 1 जून को रवि अपनी बुलेट मोटरसाइकिल को आदर्श नगर के मकान के पास खडा किया हुआ था। शाम को रवि को मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 10 जुलाई को आरोपी सतीश उर्फ फोजी निवासी सिकंदर पुर माजरा हाल उतम नगर गोहाना को सोनीपत से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है।

#### शिकायत पर की जांच

सदर थाना प्रभारी सतपाल ने बताया कि मकडौली कलां निवासी यशपाल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 11 अप्रैल को यशपाल अपने भाई की बाइक लेकर फाटक के पास पानी भरने के लिए गया हुआ था। यशपाल मोटरसाइकिल में चाबी छोड़कर चला गया। पीछे से अज्ञात युवक मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया।

## प्राइवेट परमिट पॉलिसी वापस ली जाए वरना 14 को परिवहन मंत्री के आवास का करेंगे घेराव: नरेश

- 26 को रोहतक में प्रदर्शन कर उपायुक्त को देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। मीटिंग करते हुए हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सदस्य।

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की डिपो कमेटी की बैठक वीरवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सिवाच ने और संचालन डिपो सचिव व राज्य उपप्रधान जयकुंवार दहिया ने किया। मीटिंग में कर्मचारी नेताओं ने हरियाणा सरकार द्वारा 262 मार्गो पर 3658 प्राइवेट परमिट देने पर विरोध प्रकट किया। यूनियन ने सरकार से मांग की कि प्राइवेट परमिट पॉलिसी को तुरंत वापिस लिया जाए। नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार इस पॉलिसी को वापिस नहीं लेती तो 14 जुलाई को पूरे प्रदेश के सभी डिपो व सब डिपो के कर्मचारियों द्वारा परिवहन मंत्री आवास अंबाला में घेराव किया जाएगा। साथ ही 26 जुलाई को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी के साथ जिला मुख्यालय पर प्रर्दशन कर ज्ञापन दिया जाएगा।

### गोशाला में दी दवाइयां

रोहतक। भारत विकास परिषद द्वारा श्री हरियाणा पिंजरापोल गोशाला गोकर्ण तीर्थ में पीड़ित गायों के लिए दवाइयों की सेवा भेंट की गई। शाखा संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को यहां अवश्य सेवा देनी चाहिए। प्रधान पवन कुमार मित्तल खरकिया ने कहा कि सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, मैनेजर राजेश कुमार, गणपत राय गोयल, अनंत राम, सत्यवान आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** श्री हरियाणा पिंजरापोल गोशाला में पीड़ित गायों के लिए दवाइयों की सेवा भेंट करते हुए भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*




### प्रतियोगिता में बच्चों को बताया वृक्षों का महत्व

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड में वन विभाग द्वारा जिला स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया। जिसकी थीम एक पेड़ मां के नाम, ट्री एंड वूमेन लाइफ रही। इस मौके पर वन विभाग द्वारा क्विज तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्य वक्ता जसबीर धनखड़ ने वन्य प्राणी जीव संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिन वृक्षों की आयु 75 वर्ष है उन्हें प्रति वर्ष तीन हजार रुपये पेंशन दी जाती है। वन विभाग से डिप्टी रेंजर हितेश कुमार, तरुण सहायक, प्रवेश राणा, जिला कोऑर्डिनेटर कुसुम, स्कूल प्राचार्य अध्यापक तथा वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### वॉलीबॉल में नवीन प्रथम, प्रवीन को दूसरा स्थान

**महम।** अजायब गांव में वीरवार को गेम ऑन नशा गोन अभियान के तहत खेल प्रतियोगिता और किट वितरण का आयोजन करवाया गया। वॉलीबॉल में नवीन की टीम प्रथम,प्रवीन की दूसरे, कबड्डी में रवि की प्रथम , पुनित की दूसरे, मटका दौड़ में अनिता ,अर्चु और कविता ने बाजी मारी। इसी प्रकार महिला रेस में शीला ,मंजू और भतेरी, बुजुर्गों की दौड़ में बलजीत,रणबीर ,लीलू अव्वल रहे। विजेताओं को अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने पुरस्कृत किया। इन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और साथ ही आश्वासन भी दिया कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की हर संभव कोशिश करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों का आह्वान किया कि नशे से दूर रहना है।

### वर्कशाप में सूचना के अधिकार पर की विस्तार से चर्चा

# आरटीआई से आती है पारदर्शिता: डा. लोहचब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** वर्कशाप प्रोग्राम में उपस्थित मुख्यअतिथि निदेशक डॉ.एसएस लोहचब ,एसपीआईओ डॉ. जितेंद्र जाखड़, डिप्टी सुपरीडेंट जयभगवान शर्मा व कर्मचारी।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लैक्चर थियेटर वन में चल रही दो दिवसीय वर्कशाप प्रोग्राम ऑन राइट टू इंफोरमेशन एक्ट फॉर पीजीआईएमएस का गुरूवार शाम को समापन हो गया। समापन के अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में निदेशक डॉ.एसएस लोहचब उपस्थित हुए। मंच का संचालन डिप्टी सुपरीडेंट जयभगवान शर्मा ने किया।

चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ.एसएस लोहचब ने कहा कि सरकारी संस्थान होने के नाते आरटीआई के बारे में हमें पूर्ण ज्ञान होना जरूरी होता है। आरटीआई से सरकारी विभागों में पारदर्शिता आई है, जोकि काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास रहेगा कि भविष्य में इस प्रकार की वर्कशाप आयोजित करवाई जाएं। डॉ. लोहचब ने कहा कि सकारात्मक रूप से यदि आरटीआई का प्रयोग किया जाए तो उससे बहुत सारी चीजें सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि पिछले दो दिन से कई सीनियर चिकित्सक भी आरटीआई की बारिकियों के बारे में खुद को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पता होना चाहिए कि थर्ड पार्टी इंफोर्मेशन में हमें क्या देना है और क्या नहीं। पीजीआईएमएस के एसपीआईओ डॉ. जितेंद्र जाखड़ ने वर्कशाप में आने पर सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पीआईओ की जिम्मेदारी बनती है कि वें समय पर जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि डिस्पोस ऑफ करने से पहले आरटीआई एक्ट को ध्यान से पढना चाहिए और अपनी समझ से कार्य करना चाहिए। डॉ. जाखड़ ने कहा कि इस दो दिवसीय वर्कशाप से संस्थान के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को बहुत कुछ सिखने को मिला है और उन्हें उनके प्रश्नों के जवाब मिले हैं।

#### इंफोर्मेशन कमिशन की शक्तियां बताईं

जयभगवान शर्मा ने कहा कि व्याख्यान देने के लिए विशेष रूप से रेवाडी आरडी कालेज से आए डॉ. दलबीर सिंह यादव ने इंफोर्मेशन कमिशन की शक्तियां एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने हरियाणा आरटीआई रूल एवं जरूरी सैक्शन पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने वर्कशाप में उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के सभी सवालों का जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। डीटीसी रोहतक के प्राचार्य वीपी असिजा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि संस्थान में इतनी अधिक संख्या में चिकित्सक व कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं और उनमें आरटीआई को विस्तार से जानने के लिए उत्सुकता है।

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र

▲ मन उदास रहना (डिप्रेशन),
▲ चिन्ता करना, नींद की समस्याए
▲ फिजूल के विचार आना (OCD)
▲ सिरदर्द (माइग्रेन) ▲ शक-वहम होना
▲ सभी प्रकार के दौरे ▲ बाईपोलर डिसार्डर
▲ भूलने की बीमारी ▲ नशा मुक्ति
➤ अत्यधिक गुस्सा करना ➤ स्किजोफ्रेनिया,
➤ घबराहट ➤ बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
➤ बेचैनी
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466, 8685805302

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ BAMS 2
❖ RMO 2
❖ COMPUTER OPERATOR 2
❖ CHEMIST SHOP STAFF 2
❖ PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# लाल डोरे के भू मालिकों को सौंपे स्वामित्व पत्र-प्रोपर्टी कार्ड

## राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने समारोह में उपस्थित लोगों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को मालिकाना हक तथा मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत गत 20 वर्ष से लीज इत्यादि पर रहने वाले लोगों को मालिकाना हक प्रदान कर एतिहासिक कदम उठाया गया है। कृष्ण लाल पंवार बृहस्पतिवार को जिला विकास भवन स्थित सभागार में जिला स्तर पर शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र वितरण एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को रजिस्ट्री वितरण समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वर्चुअली मानेसर से राज्य स्तरीय समारोह से लोगों को संबोधित किया तथा लाभार्थियों को स्वामित्व पत्र एवं रजिस्ट्री वितरित की। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### 417 को रजिस्ट्री वितरित

राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त अजय कुमार के साथ इन योजनाओं के लाभार्थियों को स्वामित्व पत्र तथा रजिस्ट्री वितरित की। पंवार ने कहा कि जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिला में लाल डोरा मुक्त योजना के तहत 15587 लाभार्थियों को स्वामित्व पत्र तथा मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत 417 लाभार्थियों को रजिस्ट्री वितरित की गई है, जो लंबे समय से मालिकाना हक प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 11.5 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया है तथा 55 करोड़ लाभार्थियों ने आयुष्मान योजना का लाभ लिया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के पेड़ के मालिक को 2500 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय भी लिया है।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय मलिक ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि व अन्य अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि निगम द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के सभी लाभार्थियों की कंविंस डीड करवाई गई है। शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के 15587 भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र दिए जा रहे है।




रोहतक। भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र वितरण करते राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व उपायुक्त अजय कुमार और जिला विकास भवन स्थित सभागार में समारोह में मौजूद राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार , पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व उपायुक्त अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पोर्टल के माध्यम से पहुंचाया जा रहा लाभ : ग्रोवर

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से पारदर्शी तरीके से पात्र लोगों तक योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में वर्षों से भूमि से मालिकाना हक की मांग कर रहे लोगों की मांग को पूरा किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने ऐसे लाभार्थियों का सर्वे करवाकर उनके लिए योजना तैयार करवाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा लोगों को शहरी क्षेत्र में 30-30 गज के प्लॉट तथा ग्रामीण क्षेत्र में 100-100 गज के प्लॉटों के दस्तावेज सौंपे गए है। जिला में 15576 लाभार्थियों को शहरी क्षेत्र में लाल डोरा मुक्त योजना के तहत स्वामित्व पत्र मिले है। मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत 470 लाभार्थियों को रजिस्ट्री वितरित की गई है। जिला में नगर निगम रोहतक, नगर पालिका महम, कलानौर व सांपला के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिला है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, महम नगर पालिका की चेयरपर्सन भारती पंवार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम संयुक्त आयुक्त विजय मलिक एवं अंकिता वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डॉ. जितेंद्र मलिक, नगर निगम के उप निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा महम में आज

**महम।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को दोपहर एक बजे महम पहुंचेंगे। इस दौरान वे कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। बार एसोसिएशन प्रधान रवि शंकर सोनी ने बताया कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा महम बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे और यहां वकीलों से रूबरू होंगे। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और विधायक बीबी बतरा समेत कई नेता मौजूद रहेंगे।

### दुकान से चार महिलाओं ने 11 शूट किए चोरी

**रोहतक।** लाढ़ौत रोड स्थित एक दुकान से चार महिलाओं ने 11 शूट चोरी कर लिए है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके सीसीटीवी के अधार पर जांच शुरू कर दी है। सुखपुरा चौकी पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित मंजू ने बताया कि वह धामड़ गांव की रहने वाली हूं। मैंने लाढ़ौत रोड पर श्री खाटू श्याम क्लाथ एंड गिफ्ट सेंटर के नाम से दुकान है। नौ जुलाई को दो महिला दुकान पर शूट लेने के लिए आई और उनके साथ दो महिला और आई थी। दूसरी दो महिला बोली चुंदड़ी दिखा दो। इसके बाद रेट पूछकर चली गई और वहीं महिला दोबारा फिर आई और चुंदड़ी लेकर वहीं खड़ी हो गई। जो पहले से ही दुकान में बैठी महिला बोली मुझे बाली दिखा दें। जिन्होंने मुझे अपनी बातों में उलझा लिया। जो कुछ समय बाद समान लेकर बाहर निकल गई।



रोहतक। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि समाजसेवी अमित जैन (जोजी) व बाबा सुखा शाह महाराज। फोटो : हरिभूमि

## 100 युवाओं ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी अमित जैन (जोजी) रहे। उन्होंने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्त दान करने के लिए प्रेरित किया। अमित जैन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुज चावला, डाक्टर तिलक भूटानी, अशोक कत्याल, बलदेव मिड्ढा, राजेंद्र, देवराज हुड्डा, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भालौठ में दो पक्षों में झगड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव भालौठ में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। आईएमटी थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। जय भगवान उर्फ नाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव बाढ़सा जिला झज्जर हाल रिहायस भालौठ का स्थाई निवासी हूं। मैं करीब चार साल से सुशील निवासी भालौठ के खेत में काम करता हूं।

मैंने 9 जुलाई को खेत में धान लगाने के लिए पानी भर रखा था। खेत का डोला से पानी का रिसाव हो रहा था। पानी का रिसाव होकर साथ में लगता सन्नी भालौठ के खेत में जा रहा था। मैं पानी की दिशाओं को बंद करने जा रहा था। इस दौरान सन्नी ने मेरा खेत में रास्ता रोक कर कहा कि डोले पर मिट्टी क्यों रखी तो मैंने सन्नी से कहा कि पानी के दिशाओं को बंद किया था। सन्नी ने मुझे बिना कुछ बात के मेरे साथ मार पिटाई शुरू कर दी। सन्नी कस्सी लिए हुए था। जिसने कस्सी को मेरे हाथ पर मारी दी और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।



महम। भैणी महाराजपुर गांव में भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया का स्वागत करते स्थानीय भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## भैणी महाराजपुर में भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया का हलका महम के भैणी महाराजपुर गांव में स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा व उनकी पत्नी राधा अहलावत ने की। सतीश पूनिया ने कहा कि जिस तरह से कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दे रहा है उससे लगता है कि इस बार महम में कमल का फूल खिलेगा। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने कहा कि वे राजनीति में बदलाव के लिए आए थे। कहा कि उसे अपने बच्चे सैट नहीं करने हैं और न ही उनको सरकारी नौकरी लगवानी है। वे जनता की सेवा के लिए आए हैं। उन्हें एक बार मौका देकर देखें। इस अवसर पर भाजपा महम मंडल अध्यक्ष रोहतास पहलवान, पार्षद विकास श्योराण, पूर्व नगर पालिका प्रधान फतेह सिंह, मीना बाल्मीकि, तकदीर खरकड़ा व सत्यवीर भराण, नरेश चेयरमैन समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन व निगम का कार्य हो अलग-अलग: खुराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रॉपर्टी डीलर्स एंड एडवाइजर्स एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश खुराना ने कहा कि भाजपा सरकार की घोषणाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री जो भी घोषणाएं करते हैं उनका ना तो अधिकारी,ना ही कर्मचारी किसी प्रकार का कोई पालन कर रहे है, न ही सरकार अपनी इन घोषणाओं के प्रति कभी गंभीर दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करने के लिए 7 दिन का समय दिया गया था, लेकिन 1 महीने से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी प्रदेश के अंदर प्रॉपर्टी आईडी के लिए महीनों से लोग नगर निगम, नगर परिषदों व टाउन प्लानिंग कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि जो कॉलोनी 30 साल से पुरानी हो चुकी है, उन पर टीपी की कंडीशन लगाना सरासर गलत है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपप्रधान पवन आनंद, कमलेश कुमार चहल, सलाहकार जगबीर सिंह, मनोज आहूजा, बलजीतहुड्डा, राजीवशर्मा, अशोकशर्मा, रमेशशर्मा, कर्मवीर, मनीष, रमेशगंणगस, विजय, रोशनलाल, जतिन, अनिल, राकेश सचदेवा, ओमप्रकाश, अनिल दुआ, अमृतलाल, सुरेंद्र सिंह, किशन अलाहाबादी, सुरेंद्र कुशल, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।

## एमडीयू कर्मियों को बताए अग्निशमन के उपाय

■ अग्निशमन अधिकारी ने विभिन्न उपकरणों का डेमो के साथ विस्तृत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के तत्वावधान में वीरवार को 'आवश्यक अग्नि सुरक्षाः अग्निशमन उपकरणों का संचालन और उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में राजबीर सिंह दलाल, अग्निशमन अधिकारी, रोहतक ने आग के रोकथाम, सुरक्षा और अग्निशमन के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने विभिन्न प्रकार के अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी । आग लगने के अलग अलग कारणों पर अग्निशमन उपकरणों व साधनों के प्रयोग पर उन्होंने प्रकाश डाला। अग्निशमन अधिकारी ने विभिन्न उपकरणों का डेमो के साथ विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों के अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रश्नों के जवाब भी अग्निशमन अधिकारी द्वारा दिए गए। राजबीर सिंह दलाल, अग्निशमन अधिकारी ने एफडीसी ग्राउंड में आग बुझाने का लाइव डेमो डेमोस्टिक फायर टेंडर वाहन से तथा अग्निशमन यंत्र के साथ दिया। इस अवसर पर विवि के सुरक्षा अधिकारी, इंजीनियरिंग सेल, विभागो, लैब स्टाफ व विभिन शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनार सिंह ढुल, कोऑर्डिनेटर ने आवश्यक अग्नि सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए अग्निशमन अधिकारी व उपस्थित सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन नितिन सिवाच, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर ने किया।



रोहतक। कार्यशाला में अग्निशमन यंत्र की जपानकारी देते हुए राजबीर सिंह दलाल, अग्निशमन अधिकारी।

## जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बोहर निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर तीन दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी रतनलाल ने बताया कि गांव बोहर निवासी अमित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान 10 जुलाई को आरोपी अशोक उर्फ शोकी, योगेश उर्फ योगी निवासी मकडौली कला व भगत उर्फ भगता निवासी किलोई को जिला रोहतक जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी अशोक व योगेश पर जिला रोहतक में हत्या का प्रयास, लूट आदि के तीन-तीन मामले दर्ज है।

## प्लेसमेंट ड्राइव में एमडीयू के 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट प्रकोष्ठ (सीसीपीसी) के तत्वावधान में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 11 विद्यार्थी चयनित हुए है। निदेशक, सीसीपीसी प्रो दिव्या मल्हान ने बताया कि प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय आईटी सर्विसेज कंपनी वैकों बाइनैरी सैमन्टिक्स द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में रवि प्रकाश यादव, प्रत्यूष पाटिल, अरूण यादव, ऋषभ, दीपक वर्मा, आलोक सिंह, आशीष कुमार, मंगल कुमार पाण्डे, राहुल सैनी, आनंद कुमार तथा प्रतिभा प्रजापति चुने गए है। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन सीसीपीसी के उप निदेशक डॉ. सौरभ कांत न किया।

इमसार के टीपीओ डॉ. अमन वशिष्ठ तथा यूआईइटी के टीपीओ अरूण हुड्डा ने सहयोग दिया। वैको बाइनैरी की ओर से सेजल कामरा तथा कमलकांत शर्मा ने समन्वयन किया। निदेशक सीसीपीसी प्रो दिव्या मल्हान तथा निदेशक एलुमनाई रिलेशन्स प्रो सुमित गिल ने टीम वैको बाइनैरी का स्वागत किया। गौरतलब है कि एमडीयू सीसीपीसी निरंतर एमडीयू विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन तथा प्लेसमेंट के अवसर मुहैया करवा रहा है।

## डीसी ने गांवों के विकास कार्यों की समीक्षा की

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने विकास एवं पंचायत विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में तेजी लाये तथा अमृत सरोवर, गोवर्धन योजना, जल निकासी के प्रबंधों का मौके पर जाकर निरीक्षण करें। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने समाधान शिविर, राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग व विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अमृत सरोवर के बारे में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने जन संवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, डॉ. अंबेड़कर आवास नवीकरण योजना, स्वामित्व योजना की प्रगति बारे डीसी को अवगत करवाया। बैठक में जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष मलिक, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता गजेंद्र व जिला के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व अन्य सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चिड़ी में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया



**रोहतक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। डॉक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि अगर हमने जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया तो बेरोजगारी तथा प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण हमें अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जनसंख्या को कंट्रोल करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इस अवसर पर पीजीआई से डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. नेहा, हरिओम हेल्थ इंस्पेक्टर, डॉ. ईश्वर पूनिया, जितेंद्र ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर आदि मौजूद रहे।

## उपकार हाई स्कूल में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस



**रोहतक।** विश्व जनसंख्या के दिवस पर गोहाना रोड स्थित उपकार हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां कक्षा चौथी की छात्रा शिवानी ने कविता प्रस्तुत की तथा कक्षा पांचवी से कनिका तथा कक्षा आठवीं की छात्र खुशी ने भाषण प्रस्तुत किया। जिसका उद्देश्य छात्रों को दुनिया भर में जनसंख्या की वर्तमान स्थिति के बारे में जागरूक करना रहा। स्कूल प्रिंसिपल सीमा श्योराण ने जनसंख्या पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल के एमडी वैभव कायत सहित स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन ने किया प्रदर्शन

# आंगनवाड़ी कर्मियों के रोके गए मानदेय का भुगतान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन ने 975 आंगनबाड़ी कर्मियों के रोके गए मानदेय का भुगतान करने, आंगनबाड़ी केंद्रों के किराए का भुगतान करने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू करने आदि मांगों को लेकर मानसरोवर पार्क से डीसी कार्यालय तक प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन दिया।

इससे पहले मानसरोवर पार्क में सभा की गई जिमें प्रस्ताव पास किया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। एआईयूटीयूसी हरियाणा के राज्य सचिव हरि प्रकाश ने कहा कि सरकार ने जो वायदे आंगनबाड़ी कर्मियों से किए थे वह पूरे नहीं किये गए।

आंदोलन के माध्यम से उनको पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन हरियाणा की महासचिव पुष्पा दलाल, कौशल्या, रोशनी चौधरी, संतोष सरोहा आदि मौजूद रहे।




### ये हैं प्रमुख मांगें

- ▶▶ 975 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का हड़ताल के दौरान का मानदेय भुगतान शीघ्र किया जाए।
- ▶▶ मासिक न्यूनतम वेतन रुपए 26000 किया जाए।
- ▶▶ किसी भी तरह से आकस्मिक मृत्यु होने पर सहायता के रूप में दो लाख रुपए की राशि का भुगतान किया जाए।
- ▶▶ प्ले स्कूल में काम करने वाली आंगनवाड़ी कर्मियों की तरह हेल्पर को भी 500 रु महीना दिया जाए।
- ▶▶ आंगनबाड़ी सेंटरों में खाली पड़े सभी पदों को शीघ्र भरा जाए।
- ▶▶ ड्यूटी से बाहर के कार्य आगनवाड़ी कर्मियों से ना करवाए जाएं।
- ▶▶ जब तक आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता, तब तक कुशल श्रमिक का दर्जा अवश्य दिया जाए।
- ▶▶ आंगनवाड़ी वर्कर से सुपरवाइजर के पद पर 50 प्रतिशत पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर बिना शर्त की जाए।
- ▶▶ इंटरनेट से काम करवाने के लिए इसकी रिचार्ज राशि दी जाए तथा इसका पिछला भुगतान भी किया जाए।